


## कोविड-19 वैक्सीनेशन

# कोविड-19 वैक्सीन के लिए प्राथमिकता वाले समूह

**जिन व्यक्तियों को संक्रमित होने और मृत्यु का ज्यादा खतरा हो उन्हें पहले वैक्सीन लगाया जाएगा**

- स्वास्थ्य कर्मी
- फ्रंटलाइन कर्मचारी
- 45 वर्ष से अधिक आयु के लोग
- आगे, स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा अधिसूचित नियमों के मुताबिक दूसरों को टीका उपलब्ध कराया जाएगा



MINISTRY OF
HEALTH AND
FAMILY WELFARE
GOVERNMENT OF INDIA

my GOV
मेरी सरकार




## कोविड-19 टीकाकरण

# कोविड-19 वैक्सीन का चरणबद्ध रोल-आउट

- वैक्सीन की उपलब्धता के आधार पर वैक्सीन रोल-आउट चरणबद्ध तरीके से होगा
- विशिष्ट प्राथमिकता समूहों (हेल्थकेयर और फ्रंटलाइन वर्कर्स, 45 साल से ऊपर के लोगों) को पहले कवर किया जाएगा
- कोविड-19 (NEGVAC) हेतु वैक्सीन प्रशासन पर आगे की रणनीति राष्ट्रीय विशेषज्ञ समूह द्वारा घोषित की जाएगी
- पंजीकरण प्रक्रिया और टीकाकरण सत्रों का विवरण कार्यान्वयन अवधि के करीब प्रदान किया जाएगा






# कोविड-19 टीकाकरण

## कोविड-19 वैक्सीन से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी (1/2)

- कोविड-19 वैक्सीन सुरक्षित और प्रभावी है तथा यह चरणबद्ध तरीके से उपलब्ध होगी
- कोविड 19 वैक्सीन के साथ-साथ कोरोना अनुरूप व्यवहार भी कोविड-19 संक्रमण से बचाव के लिए जरूरी है
- टीकाकरण के बाद भी हर समय कोरोना अनुरूप व्यवहार का कड़ाई से पालन किया जाना चाहिए
- टीकाकरण के लिए लाभार्थियों का पहले से रजिस्टर्ड होना जरूरी है
- वैक्सीन उन व्यक्तियों को नहीं दी जाएगी जो पंजीकृत नहीं हैं






## कोविड-19 टीकाकरण

# कोविड-19 वैक्सीन से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी (2/2)

वैक्सीन की उपलब्धता के आधार पर मोबीलाइजर/स्वयंसेवकों द्वारा पंजीकरण के लिए गाइड किया जाएगा

**वैक्सीन की दूसरी खुराक के समय** अस्वस्थ महसूस करने पर आप ठीक होने तक इसे टाल दें

- रिकवरी के बाद जितनी जल्दी हो सके दूसरी खुराक ले लें
- यदि आप सेल्फ आइसोलेटेड, कोविड-19 परीक्षण का इंतजार या अस्वस्थ महसूस कर रहे हैं तो टीकाकरण के लिए न जाएं
- पूर्ण वैक्सीनेशन के बाद व्यक्ति के गंभीर रूप से बीमार होने संभावना कम हो जाएगी



MINISTRY OF
**HEALTH AND FAMILY WELFARE**
GOVERNMENT OF INDIA

सत्यमेव जयते

myGOV
मेरी सरकार




# कोविड-19 टीकाकरण

# दूसरे चरण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी

- कोविड-19 वैक्सीनेशन प्रक्रिया पर सामुदायिक बैठकों में भाग लें, आप अपने क्षेत्र में पहले चरण के वैक्सीनेशन के क्रियान्वयन के लिए वॉलंटियर भी कर सकते हैं
- फेक वैक्सीन मार्केटिंग/ प्रमोशन से गुमराह न हों, वैक्सीन अभी तक बाजार में उपलब्ध नहीं है
- टीकाकरण के बाद भी हर समय कोरोना उपयुक्त व्यवहार का पालन करें
- टीकाकरण के बाद भी हर समय कोरोना उपयुक्त व्यवहार का पालन करें
- अगर अस्वस्थ महसूस कर रहे हैं तो निकटतम केंद्र पर कोविड-19 परीक्षण करवाएं और तुरंत सेल्फ आइसोलेट हो जाएं और चिकित्सा सहायता लें




अधिक जानकारी के लिए 1075 पर कॉल करें (24X7 हेल्पलाइन) या
www.mohfw.gov.in, www.cowin.gov.in पर विजिट करें




# कोविड-19 टीकाकरण

## तैयारी की प्रक्रिया के दौरान इंफ्लूएंसर्स की भूमिका

PRIs/कम्यूनिटी लीडर्स/SHGs, इत्यादि (1/2)

- स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित राज्य/जिले/ब्लॉक टास्क फोर्स की बैठकों में भाग लें और कम्यूनिटी के लिए सही जानकारी एकत्र करें
- वेबसाइट, व्हाट्सएप, और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्म्स के माध्यम से वैक्सीन, प्राथमिकता, पात्रता मानदंड के बारे में जानकारी शेयर करें
- पात्र लाभार्थियों के पंजीकरण में स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं का सहयोग करें
- टीकाकरण की प्रक्रिया के बारे में सकारात्मक दृष्टिकोण बनाने के लिए सामुदायिक बैठकों में भाग लें
- वैक्सीनेशन को लेकर संकोच कर रहे लोगों का मार्गदर्शन कर मोबीलाइजर्स की मदद करें






# कोविड-19 टीकाकरण

## तैयारी की प्रक्रिया के दौरान इंफ्लूएंसर्स की भूमिका

PRIs/कम्यूनिटी लीडर्स/SHGs, इत्यादि (2/2)

- वैक्सीन के बारे में सत्यापित तथ्य के लिए स्वास्थ्य मंत्रालय की वेबसाइट पर उपलब्ध जानकारी प्रसारित करें
- वैक्सीनेशन के लिए जगह की पहचान और सत्र के संचालन हेतु हेल्थकेयर वर्कर्स को आवश्यक सहायता प्रदान करें
- टीकाकरण की तारीख और समय को चिह्नित करने के लिए लाभार्थियों को प्रोत्साहित करें
- सेल्फ आइसोलेटेड, कोरोना परीक्षण की प्रतीक्षा कर रहे या अस्वस्थ को बताएं कि वे वैक्सीनेशन अपॉइंटमेंट में शामिल न हों
- समुदाय में कोरोना अनुरूप व्यवहार को बढ़ावा दें



MINISTRY OF
HEALTH AND
FAMILY WELFARE
GOVERNMENT OF INDIA

सत्यमेव जयते

my GOV
मेरी सरकार




## कोविड-19 टीकाकरण

# टीकाकरण चरण के दौरान इंफ्लूएंसर्स की भूमिका

- अपने क्षेत्र के उद्घाटन प्रक्रिया में सहयोग करें, यदि संभव हो तो टीकाकरण स्थल पर उपस्थित रहें
- निर्धारित समय के अनुसार पंजीकृत लाभार्थियों को जुटाने में फ्रंटलाइन कार्यकर्ताओं की मदद करें
- वैक्सीनेशन टीम को भीड़ प्रबंधन और सत्र स्थल को स्वच्छ बनाए रखने में मदद करें
- समुदाय को किसी सवाल का जवाब पाने में सहायता करें और टीकाकरण स्थल पर कोरोना अनुरूप व्यवहार को बढ़ावा दें
- लाभार्थियों को वैक्सीनेशन के बाद कोई भी दिक्कत होने पर संपर्क हेतु एएनएम/आशा/मोबिलाइजर का संपर्क विवरण प्रदान करें



अधिक जानकारी के लिए 1075 पर कॉल करें (24X7 हेल्पलाइन) या
www.mohfw.gov.in, www.cowin.gov.in पर विजिट करें

## कोविड-19 टीकाकरण

# वैक्सीनेशन के बाद इंफ्लूएंसर्स की भूमिका

- टीकाकरण के बाद किसी भी प्रतिकूल प्रभाव के मामले में उचित निदान मिलने तक समुदाय को शांत रहने की अपील करें
- वैक्सीन की प्रगति के संबंध में समुदाय को नियमित रूप से अपडेट करें और वैक्सीन के प्रति उत्सुकता और संकोच से संबंधित किसी भी प्रश्न का समाधान करें
- किसी भी पंजीकृत लाभार्थी के ड्रॉप आउट होने की स्थिति में उसकी पहचान में मदद करें और एएनएम/आशा को सूचित करें
- लाभार्थियों की भलाई सुनिश्चित करें और दूसरी खुराक की याद दिलाएं
- लोगों को सूचित करें कि यदि वे वैक्सीनेशन की दूसरी खुराक के समय अस्वस्थ हैं तो पूरी तरह से ठीक होने के बाद ही खुराक लें






## कोविड-19 टीकाकरण

# तैयारी चरण के दौरान

## सामाजिक मोबिलाइजर की भूमिका (1/2)

- लाभ के बारे में सूचित करने के लिए सामुदायिक बैठकों, वैक्सीनेशन रोल आउट का विवरण, पात्रता और सवालों का जवाब दें

- IEC सामाग्री के घर-घर वितरण तथा सोशल मीडिया प्लेटफार्म्स के माध्यम से लाभार्थियों को कोरोना वैक्सीनेशन के महत्व की सूचना का प्रसार

- पंजीकरण की प्रक्रिया में लाभार्थियों को परामर्श और मदद

- चूंकि पूर्व पंजीकरण अनिवार्य है, इसलिए पात्रता मानदंड के अनुसार लाभार्थी की पहचान तथा पंजीकरण में मदद करना






# कोविड-19 टीकाकरण
# तैयारी चरण के दौरान
## सामाजिक मोबिलाइजर की भूमिका (2/2)

- पंजीकृत लाभार्थी को फोटो पहचान पत्र के साथ वैक्सीनेशन सेंटर पर जाने के संबंध में सूचित करना
- लाभार्थियों को टीकाकरण सत्र के स्थल, तारीख और समय के बारे में सूचित करना
- अपने क्षेत्र के इंफ्लूएंसर्स की पहचान करना, इकट्ठा करना और रोल आउट में मदद के लिए संलग्न करना
- सुनिश्चित करें कि  इंफ्लूएंसर्स आपके साथ गतिविधियों में शामिल हों और उन्हें वैक्सीनेशन सेंटर्स पर आमंत्रित करें
- लाभार्थियों को सूचित करें कि कोविड-19 के कोई भी लक्षण होने पर वैक्सीनेशन के लिए जाने से बचें



MINISTRY OF
**HEALTH AND FAMILY WELFARE**
GOVERNMENT OF INDIA

my GOV
मेरी सरकार




# कोविड-19 टीकाकरण

# वैक्सीनेशन के चरण के दौरान

## सोशल मोबिलाइजर की भूमिका

- सुनिश्चित करें कि लाभार्थी को सत्र के निर्धारित समय अनुसार बुलाया गया है
- जागरूकता बढ़ाने के लिए टीकाकरण स्थल के आसपास रणनीतिक रूप से IEC सामग्री प्रदर्शित करें
- स्थल की स्वच्छता सुनिश्चित करना और लाभार्थियों में कोरोना अनुरूप व्यवहार को बनाए रखने में मदद करना
- प्रवेश और निकास प्रोटोकॉल तथा भीड़ प्रबंधन की सुविधा के लिए हेल्थकेयर कार्यकर्ताओं की मदद करें
- वैक्सीनेशन के बाद सभी लाभार्थियों द्वारा 30 मिनट की प्रतीक्षा सुनिश्चित करें
- वैक्सीनेशन के बाद कोई असुविधा होने की स्थिति में संबंधित एएनएम/आशा का नाम तथा फोन नंबर प्रदान करें






# कोविड-19 टीकाकरण

# वैक्सीनेशन के चरण के बाद

## सोशल मोबिलाइजर की भूमिका

- लाभार्थियों के वैक्सीनेशन को सुनिश्चित करने के लिए पंजीकृत सूची से ड्रॉपआउट की पहचान करें और एएनएम/आशा के साथ समन्वय करें

- वैक्सीन की दूसरी खुराक के लिए लाभार्थियों को याद दिलाएं, जो जानकारी एसएमएस के माध्यम से दी जाएगी

- वैक्सीनेशन प्रक्रिया के पर समुदाय को नियमित रूप से अपडेट करें और किसी भी वैक्सीन संबंधी प्रश्नों का जवाब दें

वैक्सीनेशन के बाद प्रतिकूल प्रभाव (AEFIS) या असुविधा के लिए
**होम विजिट/फोन के माध्यम से लाभार्थियों के संपर्क में रहें**

- किसी भी AEFI के जांच में प्रोटोकॉल का पालन करें और हेल्थकेयर कार्यकर्ताओं तथा AEFI समिति की टीमों की मदद करें

*AEFI- एडवर्स इफेक्ट फॉलोइंग इम्यूनाइजेशन






# कोविड-19 टीकाकरण
# वैक्सीनेशन के दौरान
## समुदाय में स्वयंसेवकों की भूमिका (1/2)

- आशा, एएनएम, स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं इत्यादि के साथ नियमित संपर्क के साथ प्रश्नों और संदेहों वाले लोगों के लिए जानकारी का एक प्रामाणिक स्त्रोत बनें
- अपने सोशल मीडिया- फेसबुक, ट्विटर, व्हाट्सएप आदि के माध्यम से दोस्तों तथा समुदाय के साथ सही जानकारी का प्रसार करें
- अपने इलाके में कोरोना अनुरूप व्यवहार के लिए एक रोल मॉडल बनें
- आशा, एएनएम, स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं इत्यादि के साथ नियमित संपर्क के साथ प्रश्नों और संदेहों वाले लोगों के लिए जानकारी का एक प्रामाणिक स्त्रोत बनें



सत्यमेव जयते
MINISTRY OF
**HEALTH AND**
**FAMILY WELFARE**
GOVERNMENT OF INDIA

my GOV
मेरी सरकार




# कोविड-19 टीकाकरण

# वैक्सीनेशन के दौरान

## समुदाय में स्वयंसेवकों की भूमिका (2/2)

- पंजीकरण प्रक्रिया के दौरान पात्र लाभार्थियों का सहयोग करें, वैक्सीनेशन केंद्रों पर बुजुर्गों को लाने में सहायता करें

- समुदाय की सकारात्मक आवाज/अनुभवों को विस्तारित करने के लिए सिटीजन जर्नलिस्ट बनें

- वैक्सीनेशन की प्रक्रिया से अवगत रहें और नवीनतम जानकारी से स्वयं को अपडेट रखें

यदि आप किसी गलत सूचना के बारे में सुनते हैं तो स्वास्थ्य **कार्यकर्ताओं तथा मोबिलाइज़र्स को सूचित करें तथा तथ्यों और सही जानकारी के साथ जवाब दें**

- असत्यापित स्रोतों से प्राप्त किसी भी जानकारी को शेयर/प्रसारित/फॉरवर्ड न करें



MINISTRY OF
**HEALTH AND FAMILY WELFARE**
GOVERNMENT OF INDIA




# कोविड-19 टीकाकरण

# वैक्सीनेशन स्थल पर

## स्वयंसेवकों की भूमिका

- वैक्सीनेशन सेंटर की स्थापना में स्वास्थ्य कर्मियों की सहायता करें, वैक्सीनेशन के लिए जगह की पहचान करना और वैक्सीनेशन स्थलों को सैनिटाइज करना
- पानी/साबुन या सैनिटाइजर उपलब्ध कराना, जो मास्क पहनने से चूक गया हो उसके लिए अतिरिक्त मास्क और लाभार्थियों के बैठने की व्यवस्था करना
- भीड़ प्रबंधन, पहचान पत्र के साथ लाभार्थी सूची की जांच और उचित व्यवहार सुनिश्चित करना
- लाभार्थियों को वैक्सीनेशन कक्ष में प्रवेश तथा निकास में मदद करना
- सत्र स्थल पर कोविड-19 वैक्सीनेशन पर IEC सामाग्री प्रदर्शन हेतु मोबिलाइजर्स की मदद करना




अधिक जानकारी के लिए 1075 पर कॉल करें (24X7 हेल्पलाइन) या
www.mohfw.gov.in, www.cowin.gov.in पर विजिट करें